
# साजिद की फिल्म, सुनील का बेटा और सलमान की सिफारिश, क्या रंग लायेगी?



सलमान खान बॉलीवुड में युवा सितारों को लांच करने का जिम्मा उठा रहे हैं। उन्होंने कुछ को दर्शकों के सामने पेश कर दिया है और कुछ अन्य को पेश करने जा रहे हैं। अपने बहनोई आयुष शर्मा को करण जौहर की फिल्म के जरिए लांच करने वाले सलमान खान की सिफारिश पर निर्माता निर्देशक साजिद नाडियाडवाला अभिनेता सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी को लांच करने जा रहे हैं। इस फिल्म को साजिद के साथ फॉक्स स्टार स्टूडियो प्रोड्यूस करेगा। अभी अहान शेट्टी लंदन में अभिनय का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे पहले सलमान खान सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी को 2015 में अपने बैनर तले 'हीरो' के साथ पेश कर चुके हैं। सुभाष घई की कालजयी फिल्म 'हीरो' की रीमेक बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। अपने बेटे के इस बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सुनील शेट्टी ने हाल में मीडिया से बात की और कहा कि अहान सही रास्ते है। सुनील के अनुसार, 'अहान इस दिसंबर तक लांच हो जायेंगे और वो सही रास्ते पर हैं। वो अभी लंदन में एक्टिंग सीख रहे हैं और उनकी फिल्म को बॉलीवुड के नंबर वन फिल्म प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। जिसमें फॉक्स एंटरटेनमेंट का भी साथ है। इसलिए मुझे लगता है कि उनका डेब्यू सही तरह से होगा। इसके बाद अहान के टैलेंट, पर्सनॉलिटी और लक पर निर्भर करता है।' अजय देवगन और सुनील शेट्टी ने हाल में टाटा स्काई के साथ एक नया इनीशेटिव लिया है, जिसमें वो बच्चों के एक्टिंग सीखने में मदद करेंगे। इसी मौके पर सुनील ने अहान के डेब्यू को लेकर इतनी बात कहीं। अपने इस इनीशियेटिव पर बात करते हुए सुनील ने बताया, 'हम नए बच्चों में एक्टिंग की कला विकसित करेंगे, जिससे वो अपने हुनर को लोगों के सामने सही तरह से पेश कर सकें। हमारे दिमाग में आया कि कई लोग हैं जो एक्टिंग सीखते हैं लेकिन उनके अच्छे टीचर नहीं मिल पाते हैं। इसके अलावा कई लोग तो एक्टिंग स्कूल्स की फीस ही नहीं दे सकते हैं। इसलिए जब हमने यह सोचा और इसको आपस में डिसकस किया तो हमें यह सही लगा और इसके बाद हमने इसे टाटा स्काई को प्रेजेंट किया। जब उन लोगों ने भी इसमें इनवेस्ट करने के लिए हां कह दी तो हमने सोचा कि हम अब इसे कर सकते हैं।'

## 'ट्यूबलाइट' पहली बॉलीवुड फिल्म बनीं जिसे ट्विटर पर ईमोजी मिला

निर्देशक कबीर खान की आगामी फिल्म 'ट्यूबलाइट' पहली बॉलीवुड फिल्म है, जिसे ट्विटर पर ईमोजी मिला है। कबीर ने मंगलवार को ट्विटर पर ईमोजी साझा करते हुए लिखा, ''यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 'ट्यूबलाइट' पहली बॉलीवुड फिल्म है, जिसे अपने किरदार का ईमोजी मिला है। 'ट्यूबलाइट'! सलमान खान।'' ईमोजी में सलमान 'ट्यूबलाइट' के अपने पोज में नजर आ रहे हैं, जिसमें वह सलाम करते नजर आ रहे हैं




और उनकी गर्दन पर जूता लटका है। सलमान ने भी कबीर के ट्वीट के जवाब में लिखा, ''कबीर खान ट्विटर को पूरा रोशन कर देगा अब यह 'ट्यूबलाइट' का ईमोजी।'' 'ट्यूबलाइट' में सलमान और कबीर खान ने तीसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों ने 'एक था टाइगर' और 'बजरंगी भाईजान' में साथ काम किया था। 'ट्यूबलाइट' 23 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें चीनी अभिनेत्री झू झू भी हैं।

## और इंतजार नहीं कर सकते राजकुमार राव






अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि वह आगामी वेब श्रृंखला 'बोस' की शूटिंग शुरू होने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। इस श्रृंखला में राजकुमार राव अभिनेत्री पत्रलेखा के साथ नजर आएंगे। वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस का किरदार निभाएंगे, जबकि अभिनेत्री एक बांग्ला महिला के रूप में नजर आएंगी। हंसल मेहता इस वेब श्रृंखला का निर्देशन कर रहे हैं और ट्विटर के जरिए उन्होंने घोषणा की कि इसकी कोलकाता में शूटिंग होगी। मेहता ने मंगलवार को ट्वीट किया, 'कोलकाता ..'बोस' एएल्टी बालाजी ओरिजनल.. शूटिंग कल से शुरू होगी। उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ.. राजकुमार राव क्या आप तैयार हैं?' इसका जवाब देते हुए अभिनेता ने कहा, 'शूटिंग शुरू होने का और इंतजार नहीं कर सकता सर । जल्द आप से मिलता हूं। बोस कोलकाता।' दोनों (मेहता और राव) फिल्म सिटीलाइट्स 2014 के बाद एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं।

## जॉली की बीवी अब करेंगी 'कबाली' से रोमांस, एक और ब्लॉकबस्टर

गत वर्ष 'कबाली' जैसी ब्लॉक-बस्टर फिल्म देने के बाद दक्षिण के महानायक रजनीकांत अपनी नई फिल्म की तैयारी में लग गए हैं। निर्देशक शंकर के साथ '2.0' के पोस्ट प्रोडक्शन वर्क के साथ-साथ रजनीकांत बहुत जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग को शुरू कर देंगे। इस फिल्म का निर्देशन पा.रंजीत करने जा रहे हैं, जिन्होंने 'कबाली' का निर्देशन किया था। पा. रंजीत ने 'कबाली' के तुरंत बाद रजनीकांत को एक और पटकथा सुनाई थी, जिसे सुनकर रजनीकांत ने इस फिल्म को जल्द शुरू करने की बात की थी। इसी पटकथा को रंजीत ने अभिनेता धनुष को भी सुनाया था, जिन्होंने पटकथा सुनने के बाद इस फिल्म के निर्माण की रूचि दिखायी थी।



इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि यह 'कबाली-2' हो सकती है। हालांकि इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। 'कबाली' का अंत जिस अंदाज में किया गया था उससे इस बात का संकेत मिला था कि इसका कथानक आगे बढाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म इस महीने की 28 तारीख से शुरू होगी। खबरों की मानें तो ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनाक्षी सिन्हा और राधिका आप्टे जैसी अदाकाराओं के साथ स्क्रीन शेयर कर चुके रजनीकांत अब बॉलीवुड हीरोइन हुमा कुरैशी के साथ बडे पर्दे पर दिखने के लिए तैयार हैं। एक खबर के अनुसार, 'फिल्म के मेकर्स एक ऐसी अदाकारा को देख रहे थे जो कि पर्दे पर दमदार अदाकारी कर सके। जिसके लिए हुमा को चुना गया है। वो रजनीकांत के साथ इश्क लड़ाती दिखेंगी। इस फिल्म को लेकर हुमा काफी उत्साहित भी हैं। फिल्म की शूटिंग 28 मई से मुंबई में ही शुरू होगी। हुमा ने इस फिल्म के लिए अब तैयारी करना भी शुरू कर दिया है।'

## सुपर सिंह बनने के लिए दिलजीत ने पहना 11 किलो का कॉस्ट्यूम

पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपनी अगली पंजाबी फिल्म सुपर सिंह को लेकर खूब खबरों में हैं। फिल्म में सुपर हीरो की भूमिका निभा रहे दिलजीत ने इस किरदार के लिए 11 किलो का कॉस्ट्यूम पहना है। एकता कपूर की बालाजी और अनुराग सिंह/पवन गिल की ब्रैट फिल्म्स के बैनर में तैयार फिल्म सुपर सिंह में दिलजीत के साथ अभिनेत्री सोनम बाजवा लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन नैशनल अवॉर्ड विजेता अनुराग सिंह ने किया है। बॉलीवुड में उड़ता पंजाब और फिगौरी जैसी फिल्में कर चुके दिलजीत के चाहने वाले अब बॉलीवुड में भी हैं। दिलजीत इस समय अपने करियर के सबसे अच्छे दौर से गुजर रहे है, दिलजीत पहली बार एक सरदार सुपर हीरो के किरदार में नजर आएंगे। यह पहली पंजाबी सुपर हीरो फिल्म है, फिल्म के लिए दिलजीत ने जमकर मेहनत की है। फिल्म में जो सुपर हीरो का कॉस्ट्यूम है, वह तकरीबन 11 किलो वजन का है। दिलजीत ने अपनी इस फिल्म को हॉलिवुड के सुपर हीरो के स्तर का बनाया है। फिल्म के ग्राफिक्स का पूरा काम भारत में किया गया है। सुपर सिंह के कॉस्ट्यूम को भी भारत में ही बनाया गया है। दिलजीत की यह फिल्म 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

## अक्टूबर में शुरू होगा अक्षय कुमार का सलमान खान के साथ संग्राम





अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म पैडमैन की शूटिंग में व्यस्त है। बताया जा रहा है यह फिल्म आगामी वर्ष 26 जनवरी के मौके पर प्रदर्शित होगी। वहीं अक्षय की टॉयलेट एक प्रेमकथा 11 अगस्त को प्रदर्शित होने जा रही है। इन फिल्मों से फ्री होते हुए अक्षय कुमार सलमान खान के साथ संग्राम करने में जुट जाएंगे। सलमान खान करण जौहर के साथ मिलकर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं जो सारागढी युद्ध पर आधारित है। इस फिल्म के लिए उन्होंने अक्षय कुमार को मुख्य नायक के तौर पर लिया है। पहली बार ऐसा होने जा रहा है जब एक सुपर सितारे द्वारा दूसरे सुपर सितारे को अपने प्रोडक्शन तले किसी फिल्म में मुख्य नायक के तौर पर लिया है। कहा जा रहा है कि यह फिल्म इस साल अक्टूबर से फ्लोर पर आएगी। फिल्म को लेकर प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। हालांकि अभी तक सिर्फ अक्षय कुमार को इस फिल्म के लिए लिया गया है बाकी स्टार कास्ट का चयन किया जाना शेष है। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे। इसी विषय पर बॉलीवुड में दो और फिल्में बनाने की घोषणा की गई है, जिसमें से एक राजकुमार संतोषी की रणदीप हुड्डा स्टारर फिल्म की शूटिंग जारी है जबकि अजय देवगन भी सन ऑफ सरदार-2 के रूप में इसी कहानी पर फिल्म बनाने वाले हैं। तीन बडे नामों के एक साथ आने के कारण इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता है।

## रिया कपूर ने सोनम की इस योजना का किया खुलासा

अपने बेहतर फैशन सेंस के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री सोनम कपूर ने बहन रिया कपूर के साथ अपना पहला फैशन ब्रांड 'रीसन' लांच किया। रिया ने इस बात का खुलासा किया कि इस ब्रांड को लाने की योजना सोनम की थी। लांच कार्यक्रम में रिया से जब पूछा गया कि इसे लाने की योजना किसकी थी तो उन्होंने फौरन कहा कि यह सोनम की योजना थी। रिया के मुताबिक, 'अपने प्रचार के लिए, सोनम से कई ब्रांडों ने संपर्क किया। वे सोनम के साथ डिजाइन और फैशन लाइन शुरू करना चाहते थे, लेकिन फिर सोनम ने मेरे पास आकर कहा, 'चलो खुद का ब्रांड लांच करते हैं'।' रिया ने बताया कि वह भी इस ब्रांड का हिस्सा हैं। अपने बयान में सोनम ने कहा, 'हम कुछ ऐसी चीजों पर काम करना चाहते थे, जिसका स्वामित्व हमारे हाथों में हो और हर लेवल पर अपना निजी पुट देना चाहते थे। रीसन को लांच करने का कारण लड़कियों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां उन्हें स्टाइलिश दिखने के लिए ज्यादा पैसे नहीं खर्च करने पड़ें।'

## बंद होने के कगार पर है अजय की डांस बेस्ड फिल्म, सूरज परेशान





'शिवाय' के प्रदर्शन के बाद अजय देवगन ने तेजी से अन्य फिल्मों की घोषणा की थी जिनमें से एक फिल्म उन्होंने कोरियोग्राफर से निर्देशक बने रेमो डिसूजा के साथ करने की घोषणा की थी। इस फिल्म में उनके साथ आदित्य पंचोली के पुत्र सूरज पंचोली नजर आने वाले थे। यह एक एक्शन डांस बेस्ड फिल्म थी जिसमें अजय देवगन बडे भाई की भूमिका में निभाते नजर आते। आठ माह पहले घोषित हुई यह फिल्म अब संभवतः बंद होने के कगार पर है, क्योंकि अजय देवगन को इस फिल्म की पटकथा पसन्द नहीं आ रही है। साथ ही अजय और सूरज पंचोली अपनी अगली फिल्मों की शूटिंग में बेहद व्यस्त हैं। अजय रेमो डिसूजा को पटकथा पर दोबारा काम करने को कह चुके हैं लेकिन रेमो इसे फाइनल नहीं कर पाये हैं। वैसे जब से यह फिल्म घोषित हुई इस फिल्म को लेकर दर्शकों में खासी उत्सुकता नजर आ रही थी। सूरज पंचौली ट्रेंड डांसर हैं लेकिन अजय देवगन डांस में नकारा हैं। फिल्म के निर्देशक ने सितारों को जर्मनी में एक्शन डांस की ट्रेनिंग दिलवाने की बात कही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अजय और सूरज की इस एक्शन डांसिंग फिल्म बंद होने के कगार पर है। फिल्म को अभी होल्ड पर रखा हुआ है। सितारों की व्यस्तता के अतिरिक्त रेमो डिसूजा इन दिनों सलमान खान के साथ फिल्म की तैयारी में हैं। सलमान खान रेमो की फिल्म को टाइगर जिंदा है के पूरा होने के बाद शुरू करेंगे। रेमो इस वक्त इस फिल्म के प्री प्रोडक्शन की तैयारियों में व्यस्त हैं। रेमो की इस फिल्म में सलमान खान एक डांसर के रोल में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन अभी 'गोलमाल अगेन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। साथ ही उनके पास मिलन लूथरिया की फिल्म 'बादशाहो' है, जिसकी शूटिंग कुछ दिन पूर्व ही राजस्थान में पूरी की गई है। वहीं दूसरी तरफ सूरज पंचोली प्रभुदेवा की फिल्म हाफिज में व्यस्त हैं। इस फिल्म को फारूक कबीर निर्देशित कर रहे हैं। मोरक्को में इस फिल्म का 60 दिन लंबा शेड्यूल है। इसके चलते रेमो डिसूजा की यह फिल्म पूरी तरह से बंद होने को है। संभवतः इस वर्ष तो नहीं हो सकती है। रेमो की अजय देवगन अभिनीत इस फिल्म में देर होने से सबसे ज्यादा परेशानी सूरज पंचोली को हो रही होगी, क्योंकि उन्हें बडे सितारे के साथ फिल्म की सफलता निश्चित मानी जा रही थी। वैसे भी असफल फिल्म से करियर शुरू करने वाले सूरज को सफल फिल्म की जरूरत है जिससे उनका करियर गति पकड सके। प्रभु देवा निर्मित हाफिज उनको यह सफलता दिलवा पाये इसमें संदेह है।

## इसलिए सैफ-बेबो ने तोड़ डाला को-स्टार्स को किस न करने का वादा?

रिपोर्ट्स का माने तो साल 2012 में शादी के बाद करीना कपूर और सैफ अली खान ने तय किया था कि वे पर्दे पर अपने को-स्टार्स के साथ अब किसिंग सीन नहीं करेंगे। हालांकि, पिछले साल की कहानी कुछ और नज़र आई जब करीना ने फिल्म की ऐंड का के दौरान अर्जुन कपूर के साथ लिप लॉक सीन किया। यही नहीं, सैफ ने भी फिल्म रंगून के दौरान कंगना रनौत के साथ किसिंग सीन दिए। ...तो आखिर ऐसा क्या हुआ जो इन्होंने किस को लेकर अपने प्रॉमिस को तोड़ दिया? हाल ही में बातचीत के दौरान करीना ने इस राज से पर्दा उठाया। करीना ने बताया कि उनमें यह बदलाव सैफ की बेटी सारा अली खान की वजह से आया। करीना ने कहा, सारा ने उनसे कहा कि स्क्रीन पर किसी को-स्टार को किस करने को लेकर हममें कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। पक्के तौर पर सारा ने यह सुझाव दिया होगा कि करीना और सैफ किसिंग सीन को भी बाकी अन्य सीन की ही तरह ट्रीट करें। उम्मीद की जा रही है कि सारा बहुत जल्द बॉलीवुड में एंट्री मार सकती हैं।

## 'डॉन-3' का हिस्सा नहीं होंगी प्रियंका चोपडा, कौन होगी देसी बिल्ली!

अमिताभ बच्चन के करियर की माइलस्टोन 'डॉन' को निर्माता निर्देशक फरहान अख्तर ने शाहरुख खान के साथ रीमेक किया। अपने समय में इन दोनों फिल्मों की खासी तुलना की गई। शाहरुख की फिल्म उस सफलता को पाने में असफल रही जो अमिताभ बच्चन की फिल्म को मिली थी। इसके बावजूद फरहान ने इसे सीरीज में बदला और डॉन-2 का निर्माण किया। सीक्वल फिल्म में वहीं सितारे-शाहरुख खान, बोमन ईरानी, प्रियंका चोपडा और ओमपुरी नजर आए थे-पिछले माह अफवाहें थी कि रितेश सिद्धवानी और फरहान अख्तर इसका तीसरा भाग 'डॉन-3' बनाने जा रहे हैं, जिसमें मुख्य भूमिका में शाहरुख खान और प्रियंका चोपडा होंगे। लेकिन अब जो समाचार प्राप्त हो रहे हैं उनके अनुसार प्रियंका चोपडा 'डॉन-3' का हिस्सा नहीं होंगी। हाल ही में एक अखबार को दिए अपने ताजा साक्षात्कार में




प्रियंका चोपडा ने स्वयं स्पष्ट किया है कि वे डॉन-3 नहीं कर रही हैं। हालांकि उन्होंने अपने ताजा भारत प्रवास के दौरान रितेश सिद्धवानी से मुलाकात की थी। उनका कहना है कि उनकी यह मुलाकात डॉन-3 को लेकर नहीं सिर्फ रितेश से दोस्ती की वजह से हुई थी। इसके साथ ही प्रियंका ने यह भी कहा है कि उनके पास कई फिल्मों के प्रस्ताव आए हैं लेकिन उन्होंने सिर्फ तीन फिल्मों को शार्ट लिस्ट किया है जिनमें से एक संजय लीला भंसाली की साहिर लुधियानवी की बायोपिक है और दूसरी कल्पना चावला पर बनायी जाने वाली बायोपिक है। हालांकि उन्होंने तीसरी फिल्म के बारे में कुछ नहीं बताया। यह जरूर स्पष्ट किया है कि यह डॉन-3 नहीं है। बॉलीवुड के गलियारों में प्रियंका चोपडा के इस साक्षात्कार की काफी चर्चा है। साथ ही यह कयास लगने शुरू हो गए हैं कि अब डॉन-3 में कौन सी ऐसी अभिनेत्री होगी जो देसी बिल्ली अर्थात् रोमा का किरदार निभायेगी।

## कान्स में हाबिका का गाउन पहन मल्लिका ने बिखेरे जलवे

कान्स में हाबिका का गाउन पहन मल्लिका ने बिखेरे जलवे भारतीय अभिनेत्री मल्लिका शेरावत यहां कान्स फिल्म महोत्सव में लेबनानी फैशन डिजाइनर जार्ज हाबिका के गाउन में नजर आईं, जिसमें वह काफी अलग नजर आ रही थीं। 'मर्डर', 'डर्टी पिक्चर' और 'ख्वाहिश' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं मल्लिका ने गुरुवार को ट्विटर पर अपनी कान्स की लुक साझा की। महोत्सव के रेड कार्पेट से उन्होंने अपनी तस्वीर के साथ लिखा, ''ओपनिंग नाइट फेस्टिवल कान्स, जॉर्ज हाबिका, रेड कार्पेट कान्स 2017।'' डायर ने 40 वर्षीया अभिनेत्री मल्लिका का मेकअप किया और फ्रांसीसी लेब मेस्सिका के गहने पहने। मल्लिका ने फेस्टिवल के रेड कार्पेट से अपनी एक लघु वीडियो भी साझा की, जिसमें वह पोज देती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, ''प्यारे गाउन के लिए जॉर्ज हाबिका का शुक्रिया। आपने मुझे राजकुमारी जैसा महसूस कराया। डायक का मेक अप, मेस्सिका के आभूषण।'' वर्ष 2014 की फिल्म 'भोपाल, प्रेअर फॉर रेन' में अभिनय के लिए पहचानी जाने वाली भारतीय मूल के अंग्रेजी मल्लिका फागुन थक्रार को भी कान्स फिल्म महोत्सव के लिए आमंत्रित किया गया था।